Asthal Bohar, Rohtak-124021
NH-10, NCR, Haryana (India)

BMU IN NEWS
BABA MASTNATH UNIVERSITY

06 April, 2022
Wednesday
Page No. - 1

दैनिक भास्कर

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में स्पेशल ओलिंपिक के तहत हुआ हेल्थ चेकअप कार्यक्रम

दिव्यांग एथलीट कर रहे हैं विश्वभर में भारत का नाम ऊंचा: महंत बालकनाथ

भास्कर न्यूज | रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल ओलिंपिक के तहत हेल्थ चेकअप का कार्यक्रम हुआ। स्पेशल ओलिंपिक भारत द्वारा आयोजित इस हेल्थ चेकअप का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उनका गौरव और सम्मान बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि दिव्यांग का तात्पर्य है अलौकिक अंग वाले अर्थात् जो ईश्वर के विशेष अंश है। उन्हें दिव्यांग कहा गया है। यह पीएम मोदी की बड़ी सोच का नतीजा है कि जिन्होंने इन बच्चों को विशेष नाम से अलंकृत किया। किसी मनुष्य को पुनः मनुष्य योनि में ही जन्म मिले यह ईश्वर की विशेष कृपा का फल होता है। इसका तात्पर्य है यह है कि हमारे जैसे सक्षम मानव इस समाज में रह रहे दिव्यांगजन के सम्मान और सत्कार का विशेष ध्यान रखें। मल्लिका नड्डा के नेतृत्व में समस्त भारत में ये स्पेशल एथलीट के हेल्थ चेकअप हो रहे हैं, जो संख्या की दृष्टि से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। भाजपा नेता सतीश नंदल ने कहा कि भारत सरकार दिव्यांग बच्चों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ा रही है। रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा की आजीवन सदस्य वीना ग्रोवर ने कहा कि ये दिव्यांग बच्चे निश्चित रूप से दिव्य ही हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. जसवंत पुनिया ने सरकारी संस्थानों की ओर से प्रायोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सांसद बालकनाथ योगी ने ओलिंपिक में भाग लेने वाले एथलीट को 21000, और नेशनल एथलीट को 11000 के प्रोत्साहन की घोषणा की। इस दौरान पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रमेश कुमार, महिला व बाल विकास कार्य मंत्री कमलेश ढांडा, हिंदू संस्था के पूर्व प्रधान राजेश सहगल, नीलम सहगल, डॉ. सुनीता खत्री, डॉ. इंद्रजीत सिंह मंच पर रहे।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में हेल्थ चेकअप कार्यक्रम में मुख्यातिथि।

कुलाधिपति प्रतिनिधि ने किया दिव्यांगजन डाइट चार्ट निर्धारण

विश्वविद्यालय की कुलाधिपति प्रतिनिधि अंजना राव ने बच्चों के डाइट चार्ट का निर्धारण, दांतों की सफाई कैसे करें तथा फिजियोथेरेपिस्टों की ओर से उठने बैठने और सोने का सही तरीके के बारे में बताया। डॉ. नवदीप बिसला ने बताया कि सीएमओ डॉ. अनिल बिरला और स्पेशल ओलिंपिक भारत की क्लीनिकल टीम की डॉ. स्वर्णा, सतीश कुमार और सुनीता कुमारी,और बाबा मस्तनाथ के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. ललित कुमार की देखरेख में क्लीनिकल स्टाफ में कुल 180 मेडिकल स्टाफ स्वयंसेवकों की ओर से हरियाणा का सबसे बड़ा हेल्थ चेकअप आयोजन रहा। इस दौरान विभागाध्यक्ष, ओपी सचदेवा, डॉ. नवीन कुमार शर्मा, डॉ. मुकेश सिंगला, डॉ. नीरज कुमार खरे, डॉ. रवि राणा मौजूद रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

दिव्यांग एथलीट कर रहे है विश्व में भारत का नाम ऊंचाः महंत बालकनाथ योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल ओलिंपिक के तहत हेल्थ चेकअप का कार्यक्रम आयोजित

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल ओलंपिक के तहत हेल्थ चेकअप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित इस हेल्थ चेकअप का मुख्य उद्देश्य देश के दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उनका गौरव और सम्मान बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि दिव्यांग का तात्पर्य है अलौकिक अंग को वाले अर्थात जो ईश्वर के विशेष अंश है। उन्हें दिव्यांग कहा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही बड़ी सोच का नतीजा है कि जिन्होंने इन बच्चों को विशेष नाम से अलंकृत किया। किसी मनुष्य को पुनः मनुष्य योनि में ही जन्म मिले यह ईश्वर की विशेष कृपा का फल होता है। मल्लिका नड्डा के नेतृत्व में समस्त भारत में ये स्पेशल एथलीट के हेल्थ चेक हो रहे हैं जो संख्या की दृष्टि से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। भाजपा नेता और समाजसेवी सतीश नांदल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अर्थात स्पेशल बच्चे हैं। उससे भी ज्यादा दिव्य हैं उनके मां-बाप जो दिन रात ऐसे बच्चों की देखभाल और सेवा में लगे रहते हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा की आजीवन सदस्य एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रमेश कुमार, कमलेश ढांडा महिला एवं बाल विकास कार्य मंत्री, हिंदू संस्था के पूर्व प्रधान राजेश सहगल, नीलम सहगल, डॉ. सुनीता खत्री, कुलसचिव डॉ. इंद्रजीत सिंह मंच पर आसीन रहे। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति प्रतिनिधि अंजना राव ने बताया कि बच्चों के डाइट चार्ट का निर्धारण, अपने दांतो को किस प्रकार से साफ करें तथा फिजियोथैरेपिस्टों द्वारा उठने बैठने और सोने का सही तरीका क्या होता है आदि के बारे में बताया गया।

यूनिवर्सिटी कॉर्डिनेटर डॉक्टर नवदीप बिसला ने बताया कि जिला स्वास्थ्य सेवाओं को डॉक्टर अनिल बिरला सीएमओ, और स्पेशल ओलंपिक भारत की क्लिनिकल टीम को डॉक्टर स्वर्णा, सतीश कुमार और सुनीता कुमारी, और बाबा मस्तनाथ के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर ललित कुमार की देखरेख में कुल 180 मेडिकल स्टाफ स्वयंसेवको द्वारा हेल्थ चेक अप का आयोजन किया गया।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर सचाहकार ओपी सचदेवा, डॉ. नवीन कुमार शर्मा, डॉ. मुकेश सिंगला, डॉ. नीरज कुमार खरे, डॉ. रवि राणा, डॉ. सुभाष चन्द्र गुप्ता, डॉ. प्रवीण भट्ट, डॉ. अनिल हुड्डी, डॉ. वेदेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. मनोज कुमार वर्मा, डॉ. मनोज कुमार अंतिल, डॉ. मनोज जैनी, एसपी मलहू, अजित जैन, सुरेश किराड़, दीपू जागलान, राजेश मलोठ, अजितांदता शर्मा आदि मौजूद रहे।

रोहतक केसरी

दिव्यांग एथलीट कर रहे भारत का नाम ऊंचा : बालकनाथ योगी

रोहतक, 5 अप्रैल (दीपक) बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल ओलिम्पिक के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। स्पेशल ओलिम्पिक भारत द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य देश के दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उनका गौरव और सम्मान बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अलवर सांसद एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते महंत बालकनाथ योगी।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग का तात्पर्य है अलौकिक अंग वाले अर्थात् जो ईश्वर के विशेष अंश है, उन्हें दिव्यांग कहा गया है। यह प्रधानमंत्री की बड़ी सोच का नतीजा है कि जिन्होंने इन बच्चों को विशेष नाम से अलंकृत किया। किसी मनुष्य को पुनः मनुष्य योनि में ही जन्म मिले, यह ईश्वर की विशेष कृपा का फल होता है। इसका तात्पर्य यह है कि हमारे जैसे सक्षम मानव इस समाज में रह रहे दिव्यांग जन के सम्मान और सत्कार का विशेष ध्यान रखें व जीवन को आनंदित बनाने में सहयोग करें। मल्लिका नड्डा के नेतृत्व में समस्त भारत में ये स्पेशल एथलीट के हेल्थ चैकअप हो रहे हैं जो संख्या की दृष्टि से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। रैडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा की आजीवन सदस्य एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर की धर्मपत्नी वीना ग्रोवर ने कहा कि ये दिव्यांग बच्चे निश्चित रूप से दिव्य ही हैं, क्योंकि ईश्वर जब कुछ हमसे छीनता है तो बदले में कुछ न कुछ अवश्य देता भी है। इसका साक्षात उदाहरण भगवान कृष्ण के बाल रूप को लिखने वाले स्वयं सूरदास हैं। दिव्यांग बच्चे भी हमारे देश के लिए पैरा ओलम्पिक के तहत गोल्ड मेडल जीतकर यह साबित कर रहे हैं कि वह दिव्य हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डा. जसवंत पुनिया ने सरकारी संस्थानों द्वारा प्रायोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी, जिससे दिव्यांग के साथ आम जनमानस और खिलाड़ी लाभ ले रहे हैं। सांसद बालकनाथ योगी ने ओलिंपिक में भाग लेने वाले एथलीट को 21000 और नेशनल एथलीट को 11000 को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति प्रतिनिधि डा. अंजना राव ने बताया कि बच्चों के डाइट चार्ट का निर्धारण, अपने दांतों को किस प्रकार से साफ करें तथा फिजियोथैरेपिस्टों द्वारा उठने बैठने और सोने का सही तरीका क्या होता है आदि के बारे में बताया। प्रधानमंत्री द्वारा [illegible] महोत्सव के तहत देश के [illegible] स्थानों पर 75 जिलों में 75000 बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की [illegible] बताते हुए यूनिवर्सिटी कॉर्डिनेटर डा. नवदीप बिसला ने बताया कि जिला स्वास्थ्य सेवाओं को डा. अनिल बिरला सी एम ओ और स्पेशल ओलंपिक भारत की क्लीनिकल टीम की डा. स्वर्णा, सतीश कुमार, सुनीता कुमारी और बाबा मस्तनाथ के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. ललित कुमार की देखरेख में कुल 180 मेडिकल स्टाफ स्वयंसेवकों द्वारा खिलाड़ियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रमेश कुमार कमलेश ढांडा महिला एवं बाल विकास कार्य मंत्री, हिंदू संस्था के पूर्व प्रधान राजेश सहगल, नीलम सहगल, डा. सुनीता खत्री, कुलसचिव डा. इंद्रजीत सिंह, सलाहकार ओ. पी सचदेवा, डा. नीरज कुमार खरे, डा सुभाष चंद्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ऋषि की आवाज (रोहतक)

दिव्यांग एथलीट कर रहे है विश्व में भारत का नाम ऊंचा - महंत बालकनाथ योगी

रोहतक संजय पांचाल

रोहतक । बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आज दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल ओलंपिक के तहत हेल्थ चेकअप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित इस हेल्थ चेकअप का मुख्य उद्देश्य हमारे देश के दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उनका गौरव और सम्मान बढ़ाना है आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग का तात्पर्य है अलौकिक अंग को वाले अर्थात् जो ईश्वर के विशेष अंश है उन्हें दिव्यांग कहा गया है यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही बड़ी सोच का नतीजा है कि जिन्होंने इन बच्चों को विशेष नाम से अलंकृत किया। किसी मनुष्य को पुनः मनुष्य योनि में ही जन्म मिले यह ईश्वर की विशेष कृपा का फल होता है। इसका साक्षात उदाहरण भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप को लिखने वाले स्वयं सूरदास हैं। दिव्यांग जन के सम्मान और सत्कार का विशेष ध्यान रखें और जीवन को आनंदित बनाने में सहयोग करें।श्रीमती मल्लिका नड्डा के नेतृत्व में समस्त भारत में ये स्पेशल एथलीट के हेल्थ चेक हो रहे हैं जो संख्या की दृष्टि से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा इसी संदर्भ में भाजपा नेता और समाजसेवी सतीश नांदल ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चे अर्थात स्पेशल बच्चे हैं।इससे भी ज्यादा दिव्य हैं उनके मां-बाप जो दिन रात ऐसे बच्चों की देखभाल और सेवा में लगे रहते हैं आज भारत सरकार ऐसे बच्चों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ा रही है रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा की आजीवन सदस्य एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर की धर्मपत्नी श्रीमती वीना ग्रोवर ने अपने कथ्य में कहा कि ये दिव्यांग बच्चे निश्चित रूप से दिव्य ही हैं।क्योंकि ईश्वर जब कुछ हमसे छीनता है तो बदले में कुछ न कुछ अवश्य देता भी है। इसका साक्षात उदाहरण भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप को लिखने वाले स्वयं सूरदास हैं। दिव्यांग बच्चे भी हमारे देश के लिए पैरालंपिक के तहत गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि हम दिव्य हैं हमें किसी से कम मत समझो हेल्थ डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉक्टर जसवंत पुनिया ने सरकारी संस्थानों द्वारा प्रायोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।जिससे कि दिव्यांग के साथ आम जनमानस और खिलाड़ी लाभ ले रहे हैं।

सांसद बालकनाथ योगी ने ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीट को 21000, और नेशनल एथलीट को 11000 के प्रोत्साहन की घोषणा की।सांस्कृतिक प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर,बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रमेश कुमार,श्रीमती कमलेश ढांडा महिला एवम बाल विकास कार्य मंत्री,हिंदू संस्था के पूर्व प्रधान राजेश सहगल, श्रीमती नीलम सहगल, डॉ. सुनीता खत्री, कुलसचिव डॉ. इंद्रजीत सिंह मंच पर आसीन रहे।